**आकाशवाणी**

**समाचार एकांश**

**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बुधवार 03.06.2026**

**समय 07.20**

**मुख्य समाचार :–**

- कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं।
- कुंभ मेला मेलाधिकारी सोनिका ने कहा– कुंभ मेला 2027 में यातायात एवं भीड़ नियंत्रण के लिए व्यवहारिक रणनीति तैयार की जाएगी।
- कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने विधानसभा क्षेत्र श्रीनगर के खिर्सू एवं पाबौ में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- **और..** राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने बच्चों से तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक क्षेत्रों में रुचि विकसित करने का आह्वान किया।

**केंद्र सरकार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा देशभर में उपलब्धियों को जन–जन तक पहुंचाने के अभियान में जुटी है। उत्तराखंड में भी भाजपा और सरकार केंद्र सरकार के कार्यकाल को विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित बता रही है। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है और अनेक ऐतिहासिक फैसलों के जरिए देश को नई दिशा मिली है। श्री कैड़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने बुनियादी ढांचे, डिजिटल क्रांति, महिला सशक्तिकरण, गरीब कल्याण और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे आम लोगों तक पहुंचा है, जिससे करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को भी केंद्र सरकार से विशेष सहयोग मिला है। चारधाम ऑल वेदर रोड परियोजना, ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल लाइन, सीमांत क्षेत्रों के विकास और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं।

## कुंभ मेला 2027

कुंभ मेला 2027 की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर मेलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई। बैठक मेलाधिकारी सोनिका ने कहा कि मेला प्रशासन कुंभ मेले को ऐतिहासिक और सुव्यवस्थित बनाने के लिए योजनाएं तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि कुंभ मेले भीड़ से निपटने के लिए आधुनिक तकनीक, डिजिटल मॉनिटरिंग, सीसीटीवी नेटवर्क एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से प्रभावी व्यवस्था विकसित की जा रही है। साथ ही स्थानीय नागरिकों, व्यापारिक संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं के सुझावों के आधार पर यातायात एवं भीड़ नियंत्रण की व्यवहारिक रणनीति तैयार की जाएगी। मेलाधिकारी ने कहा कि मेले में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुरक्षित, सुविधाजनक और सकारात्मक अनुभव प्रदान करने के लिए सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

## सैनिक स्कूल घोड़ाखाल

नैनीताल जिले के भवाली स्थित सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी की 79 यूके बटालियन ने 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक आवासीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया है। एनसीसी के कर्नल अविजित मेहता के नेतृत्व में 2 से 11 जून तक आयोजित होने वाले शिविर में जिले के विभिन्न स्कूलों के 600 कैडेट्स प्रतिभाग कर रहे हैं। श्री मेहता ने बताया कि अगले दस दिनों में कैडेट शारीरिक प्रशिक्षण, सैन्य कौशल और व्यक्तित्व विकास पाठ्यक्रमों के साथ ही ड्रोन संचालन और सैन्य विमानन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) भी कैडेटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं जो कैडेट भविष्य में भारतीय सेना में शामिल होना चाहते हैं उनके लिए सेना भर्ती कार्यालय, अल्मोड़ा एक विशेष इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित करेगा।

## उत्तराखंड हाईकोर्ट

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बड़कोट, उत्तरकाशी के पालिकाध्यक्ष विनोद डोभाल के खिलाफ जिला सत्र न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के ट्रायल पर फिलहाल रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकल पीठ ने याचिकाकर्ताओं की दलीलें सुनने के बाद यह अंतरिम आदेश जारी किया है। न्यायालय ने इस मामले में शिकायतकर्ता प्रवीण रावत को नोटिस जारी कर जल्द से जल्द जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई सर्विस रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद तय की है।

## डॉ धन सिंह रावत

कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने श्रीनगर के खिर्सू एवं पाबौ क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। डॉक्टर रावत ने खिर्सू के ग्राम उल्ली में पर्यटकों की सुविधा के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृत लागत से निर्मित होने वाले यात्री प्रतीक्षालय का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ–साथ आगंतुकों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक होगी। थानधार –उल्ली मोटर मार्ग का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि इस सड़क परियोजना के बनने से क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इस दौरान डॉक्टर रावत ने खिर्सू–माण्डाखाल मोटर मार्ग के मध्य बिडोली मोटर मार्ग पर यात्रियों की सुविधा एवं क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के के लिए व्यू प्वाइंट का भी लोकार्पण किया। डॉक्टर रावत ने कहा कि राज्य सरकार क्षेत्र के समग्र विकास, जनसुविधाओं के विस्तार एवं पर्यटन अवसंरचना को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**घनसाली में केंद्रीय विद्यालय**

टिहरी जिले के घनसाली क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने बताया कि टिहरी जिले के मदन नेगी और नरेंद्र नगर में केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति मिल चुकी है और घनसाली क्षेत्र में भी जन प्रतिनिधियों द्वारा भी केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि स्कूल खोलने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए भूमि उपलब्धता, छात्र संख्या और अन्य आवश्यक मानकों से संबंधित प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव को निर्धारित प्रक्रिया के तहत आगे भेजा जाएगा, ताकि केंद्रीय विद्यालय संगठन के मानकों के अनुरूप आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त की जा सकें। वहीं केंद्रीय विद्यालय नई टिहरी के प्रधानाचार्य प्रदीप चंद्र थपलियाल ने कहा कि घनसाली में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होने से क्षेत्र के बच्चों को राष्ट्रीय स्तर की शैक्षणिक सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा।

**राज्यपाल जनरल**

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन नैनीताल में एसओएस बाल ग्राम भीमताल के बच्चों से आत्मीय संवाद किया। इस दौरान राज्यपाल ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए बड़े सपने देखने, कड़ी मेहनत करने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सकारात्मक सोच और निरंतर प्रयास से जीवन की हर चुनौती को अवसर में बदला जा

सकता है। उन्होंने बच्चों से तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक क्षेत्रों में रुचि विकसित करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने एसओएस बाल ग्राम के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्था बच्चों को शिक्षा, संस्कार, कौशल विकास और आत्मनिर्भरता का बेहतर वातावरण उपलब्ध करा रही है।